भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1883**

दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए
असम में कॉफी की खेती संबंधी योजना

1883. श्री भुवनेश्वर कालिताः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने असम राज्य के विभिन्न भागों में उपलब्ध उपजाऊ भूमि पर बेरोजगार युवाओं के लाभार्थ कॉफी बागानों की खेती की कोई व्यापक योजना तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो उक्त उद्देश्य हेतु असम के कुल क्षेत्र सहित जिला–वार/स्थान–वार ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए मौजूदा वित्त वर्ष और ग्यारहवीं योजना के दौरान कुल कितनी राशि आबंटित की गई; और
(घ) इस योजना के कार्यान्वयन हेतु सरकार द्वारा किए गए अथवा प्रस्तावित कारगर उपाय क्या हैं?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : जी, हाँ । IX वीं पंचवर्षीय योजना से बोर्ड असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफी बागानों के विकास हेतु एक व्यापक कॉफी विकास कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है । इस कार्यक्रम में अन्य संघटकों के साथ-साथ कॉफी विस्तार, मौजूदा जोतों के समेकन, गुणवत्ता उन्नयन, कॉफी के विपणन और सामूहिक पौधशालाएँ तैयार करने हेत सहायता शामिल हैं । विकास सहायता के अतिरिक्त बोर्ड़ पूर्वोत्तर राज्यों में स्थित अपने अनुसंधान एवं विस्तार स्थापनाओं के जरिए अनुसंधान, प्रौद्योगिकी अंतरण तथा कॉफी उपजकर्ताओं की क्षमता निर्माण के रूप में सहायता प्रदान कर रहा है । असम के कॉफी उत्पादक जोनों में उपयुक्त जोतें रखने वाले बेरोजगार युवा इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभान्वित होंगे ।

असम में कॉफी विकास कार्यक्रम दीमा हसाओ (एन.सी. हिल्स) जिले तथा चिरांग जिले के कर्बी आँगलाँग एवं बिजनी क्षेत्र में केंद्रित है । जलवायु उपयुक्तता, उत्कर्ष, मृदा किस्म तथा मौजूदा छाया पैटर्न जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर राज्य में कॉफी की कृषि हेतु अभिज्ञात किए गए उपयुक्त क्षेत्र निम्नानुसार हैं -

जिले	रोपित क्षेत्र (हेक्टेयर में)			फसल क्षेत्र (हेक्टेयर में)			उपजकर्ताओं की संख्या	XI वीं योजना के दौरान कुल फसल (मी.टन में)
	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	अरेबिका	रोबस्टा	कुल	823	204.20
दीमा हसाओ (हाफलाँग	566.42	16.65	583.07	377.75	9.00	386.75		

कर्बी आँगलाँग (दिफू)	7.00	166.00	173.00	7.00	166.00	173.00		
शेष असम	0.00	153.42	153.42	0.00	129.72	129.72		
कुल	573.42	336.07	909.49	384.75	304.72	689.47	823	204.20

(ग) और (घ) : XI वीं योजना के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु 20 करोड़ रू. के कुल आवंटन में से 9.50 करोड़ रू. का व्यय असम में किया गया था । चालू वित्त वर्ष 2012-13 के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में कॉफी विकास हेतु 5.50 करोड़ रू. के आवंटन की तुलना में जुलाई, 2012 तक असम के लिए 67.97 लाख रू. का व्यय हुआ है ।

कॉफी बोर्ड द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए XI वीं योजना के दौरान कार्यान्वित कॉफी विकास कार्यक्रम को चालू वित्त वर्ष के दौरान जारी रखा गया है ।

.....